
# रक्षा उत्पादन के लिए सरकार की प्रोत्साहन योजना जल्द: राजनाथ

लखनऊ | विशेष संवाददाता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र को मिलकर काम करने पर जोर देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही केंद्र पोषित प्रोत्साहन योजना आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्राइवेट सेक्टर की ताकत और जरूरत को समझती है। पिछले पांच सालों में रक्षा निर्यात में 334 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हम आज 75 देशों को रक्षा निर्यात कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर रक्षा निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के संबंध में बैठक कर रहे थे। ➤ देश रक्षा उपकरणों का निर्यातक बन रहा पेज 06




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में रक्षा निवेशकों के साथ डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के संबंध में बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी भी मौजूद थे।

## कॉरिडोर से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्षा क्षेत्र में शोध व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हमारे पास मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड की 24 कंपनियों को भूमि आवंटित हुई है। इसमें 11,000 करोड़ का निवेश अनुमानित है। कॉरिडोर के लिए रक्षा के साथ 50,000 करोड़ से अधिक के निवेश के 23 एमओयू हुए।

➤ ब्रह्मोस नेक्स्ट जनरेशन मिसाइल लखनऊ में तैयार होगी पेज 06